
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

16 जनवरी 2025

Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

राष्ट्र की एकता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

महादेव गोविन्द रानाडे
( समाज सुधारक )

जन्म: 18 जनवरी 1842 मृत्यु: 16 जनवरी 1901



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


16 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विश्वास करना एक गुण है, अविश्वास दुर्बलता की जननी है।



– महात्मा गांधी

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

16 जनवरी

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार 16 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"हजार मील के सफ़र की शुरूआत हमेशा एक कदम से ही होती है।"

"A journey of a thousand miles begins with a single step."

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1630– सिक्खों के सातवें गुरू गुरू हरराय का जन्म।

1681– महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।

1761– पांडिचेरी पर से अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों का अधिकार हटा दिया।

1769– कलकत्ता (कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन।

1901– भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक और राष्ट्रवादी महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।


1955– पुणे के खड्गवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक उद्घाटन।

1. **राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस**– माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्टार्टअप इंडिया के स्थापना दिवस 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार द्वारा 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जो आर्थिक विकास को गति देगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।
2. **शरतचंद्र चटोपाध्याय का निधन**– बांग्ला भाषा के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार शरतचंद्र चटोपाध्याय का निधन 16 जनवरी, 1938 ई. को कोलकाता में हुआ था। उनकी अधिकांश कृतियों में गाँव के लोगों की जीवनशैली, उनके संघर्ष एवं उनके द्वारा झेले गयें संकटों का वर्णन है। इसके अलावा उनकी रचनाओं में तत्कालीन बंगाल के सामाजिक जीवन की झलक मिलती है। उनकी प्रमुख रचनाओं में देवदास, पंडित मोशाय, बैकुंठेर बिल, श्रीकान्त, परिणीता, चरित्रहीन, पथेर दाबी आदि प्रमुख है।
   - **बच्चों को क्या दिखायें?** बच्चों को उनकी रचना पर आधारित फिल्म देवदास, परिणीता दिखायें।
3. **रामनरेश त्रिपाठी का निधन**– प्राक्छायावादी युग के महत्वपूर्ण कवि रामनरेश त्रिपाठी का निधन 16 जनवरी, 1962 ई. को हुआ था। उन्होंने अपने 72 वर्ष के जीवन काल में लगभग सौ पुस्तकें लिखी। 'बा और बापू' उनके द्वारा लिखा गया हिन्दी का पहला एकांकी नाटक है। उनकी चार काव्य कृतियां प्रमुख हैं– मिलन (1918), पथिक (1920), मानसी(1927), स्वप्न (1929)।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** रामनरेश त्रिपाठी द्वारा रचित कोई कविता–कहानी का सस्वर वाचन करवायें।

## हे प्रभु आनंद दाता

हे प्रभु ! आनंद दाता !! ज्ञान हमको दीजिये।
शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिये।। हे प्रभु...।।
लीजिये हमको शरण में हम सदाचारी बनें।
ब्रह्मचारी धर्मरक्षक वीर व्रतधारी बनें ।। हे प्रभु...।।
निंदा किसी की हम किसी से, भूल कर भी न करें।
ईर्ष्या कभी भी हम किसी से भूल कर भी न करें ।। हे प्रभु...।।
सत्य बोलें झूठ त्यागें मेल आपस में करें।
दिव्य जीवन हो हमारा यश तेरा गाया करें।। हे प्रभु...।।
जाये हमारी आयु हे प्रभु ! लोक के उपकार में।
हाथ डालें हम कभी न भूलकर अपकार में ।। हे प्रभु...।।
कीजिये हम पर कृपा ऐसी हे परमात्मा !
मोह मद मत्सर रहित होवे हमारी आत्मा।। हे प्रभु...।।
प्रेम से हम गुरुजनों की नित्य ही सेवा करें।
प्रेम से हम संस्कृति की नित्य ही सेवा करें।। हे प्रभु...।।
योगविद्या ब्रह्मविद्या हो अधिक प्यारी हमें।
ब्रह्मनिष्ठा प्राप्त करके सर्वहितकारी बनें ।। हे प्रभु...।।

–रामनरेश त्रिपाठी




**महादेव गोविन्द रानाडे** *Mahadev Govind Ranade*, जन्म- 18 जनवरी, 1842; मृत्यु- 16 जनवरी, 1901) भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान् और न्यायविद थे। उन्हें "महाराष्ट्र का सुकरात" कहा जाता है। रानाडे ने समाज सुधार के कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। प्रार्थना समाज, आर्य समाज और ब्रह्म समाज का इनके जीवन पर बहुत प्रभाव था।

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

16 जनवरी

मधु प्रिया

## शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का निधन 16 जनवरी



शरतचंद्र बांग्ला के अमर कथाशिल्पी और सुप्रसिद्ध उपन्यासकार थे। इनका जन्म 15 सितम्बर सन् 1876 ई. को हुगली ज़िले के एक देवानंदपुर गाँव में हुआ था। शरतचंद्र अपने माता-पिता की नौ संतानों में एक थे। शरतचंद्र ने अठ्ठारह साल की उम्र में बारहवीं पास की थी। शरतचंद्र ने इन्हीं दिनों 'बासा' (घर) नाम से एक उपन्यास लिख डाला, पर यह रचना प्रकाशित नहीं हुई] कॉलेज की पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर वे तीस रुपए मासिक के क्लर्क होकर बर्मा (वर्तमान म्यांमार) पहुँच गए। शरत चंद्र चट्टोपाध्याय की कथा-साहित्य की प्रस्तुति जिस रूप-स्वरूप में हुई, लोकप्रियता के तत्त्व ने उनके पाठकीय आस्वाद में वृद्धि ही की है। शरत चंद्र चट्टोपाध्याय अकेले ऐसे भारतीय कथाकार भी हैं, जिनकी अधिकांश कालजयी कृतियों पर फ़िल्में बनीं तथा अनेक धारावाहिक सीरियल भी बने। इनकी कृतियाँ देवदास, चरित्रहीन और श्रीकान्त के साथ तो यह बार-बार घटित हुआ है।शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय बांग्ला के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार एवं लघुकथाकार थे। वे बांग्ला के सबसे लोकप्रिय उपन्यासकार हैं। उनकी अधिकांश कृतियों में गाँव के लोगों की जीवनशैली, उनके संघर्ष एवं उनके द्वारा झेले गए संकटों का वर्णन है। इसके अलावा उनकी रचनाओं में तत्कालीन बंगाल के सामाजिक जीवन की झलक मिलती है। शरतचंद्र भारत के सार्वकालिक सर्वाधिक लोकप्रिय तथा सर्वाधिक अनूदित लेखक हैं। 1906 में उन्होंने शांति देवी से शादी की लेकिन 1908 में उनका निधन हो गया। शरतचंद्र चटर्जी का विवाह 1910 में दूसरी बार मोक्षदा नामक एक किशोर विधवा से हुआ था – जिसका नाम उन्होंने हीरामनोई रखा था। फिर उन्होंने रंगून जाकर लोक निर्माण विभाग के लेखा विभाग में नौकरी कर ली। 16 जनवरी 1938 को कोलकाता में लीवर कैंसर से उनकी मृत्यु हो गई।

# दिवस प्रेरणा 16



## सर एडमंड हिलेरी

( पर्वतारोही एवं खोजकर्ता )

## हिमालय ने ही छीन लिया था उनका परिवार...

### संघर्ष

एडमंड हिलेरी पेशे से एक मधुमक्खी पालक थे। हाई स्कूल में पढ़ाई के दौरान न्युजीलैंड के दक्षिणी आल्पस पर चढ़ाई की थी। द्वितीय विश्वयुद्ध में सैन्य सेवा भी प्रदान किया। जिस हिमालय ने उन्हें पहचान दी उसी हिमालय की गोद ने उनकी पत्नी और बेटी को छीन लिया। उनकी पहली पत्नी लुईस और बेटी बलिंडा का हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 1975 में नेपाल में देहांत हो गया था। इस घटना से वे काफी टूट गये लेकिन हिम्मत नहीं हारी।

### सफलता

एडमंड हिलेरी हिमालय के सर्वोच्च शिखर सागरमाथा पर पहुँचने वाले प्रथम व्यक्ति हैं। 29 मई 1953 को तेनजिंग नोर्गे के साथ एवरेस्ट फतह किया । पृथ्वी के दोनों ध्रुवों पर जाने वाले प्रथम व्यक्ति बने। 4 जनवरी 1958 को दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचे। हिमालय के लोगों के भलाई के लिए कई स्कूल, अस्पताल और हवाई अड्डे बनवाये। हिलेरी को उनकी सफलता के लिए 'नाइट' की उपाधि प्रदान की गई। भारत, बांग्लादेश और नेपाल के लिए न्युजीलैंड का राजदूत भी नियुक्त किया गया। वर्ष 1997 में गंगा नदी के मुहाने से इसके उदगम तक की यात्रा जेट बोट पर जाते हुए उन्होंने जत्थे का नेतृत्व भी किया था।

# ToB बालमन



## लक्षण से पहचाने बीमारी Crossword




## Hint /संकेत

Earache (कान दर्द)
Nausea (जी मिचलाना)
Sneezing (छींकना)
Backache (कमर दर्द)
Stomachache(पेट दर्द)
Fever (बुखार)
Toothache (दांत दर्द)
Cold (ठंडा)
Fatigue(थकान)
Cough(खांसी)
Headache (सिर दर्द)

### बाएं से दाएं

2. बहुत थकान और कमजोरी महसूस होना।
5. कान में दर्द होना।
7. दाँत में या उसके आस-पास दर्द होना।
8. पेट में दर्द होना।
10. नाक और मुंह से अचानक हवा निकालना

### ऊपर से नीचे

1. सिर में दर्द होना।
3. जब आपका शरीर बहुत गर्म महसूस हो।
4. आपकी पीठ में दर्द।
6. ऐसी बीमारी जिसके कारण आपको छींक, खांसी और नाक बहने की समस्या हो।
9. गले से आवाज निकालना या घरघराहट होना।
11. उल्टी जैसा महसूस होना।

धीरज कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 500



चित्र में दिए गए गेंद से कौन सा खेल खेला जाता हैं?

A. टैगप्रो

B. स्टिकबॉल

C. टेनिस

D. रैकेटबॉल



www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers


राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **16.01.2025**

## सुकराती शिक्षण विधि

सुकराती शिक्षण विधि, ग्रीक दार्शनिक सुकरात के विचारों पर आधारित एक शिक्षण पद्धति है. इस विधि में, शिक्षक छात्रों से सवाल पूछकर उन्हें किसी विषय को समझने में मदद करते हैं. इस पद्धति का मकसद छात्रों में आलोचनात्मक सोच विकसित करना होता है ।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
न्यूयॉर्क टाइम्स ने साल 2025 में घूमने लायक़ दुनिया के 52 स्थानों के नाम जारी किए हैं। इस सूची में असम को चौथा स्थान मिला है।
www.teachersofbihar.org

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

# तत्व (Element)

## कार्बन (Carbon)

संकेत (Symbol) -- C

परमाणु संख्या (Atomic no.)-6

परमाणु भार (A. weight)-12.011

समूह ( group)-14


आवर्त (period)-2

ब्लाक ( block)-P

संयोजकता (valancy)-4

समस्थानिक (isotope)-3

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[He] $2s^2 2p^2$




### खोज

1789, एंटोनी लेवोजियर

### भौतिक गुण

काले रंग काअधातु जो कई रूपों में पाया जाता है।

### रासायनिक गुण

सहसंयोजक बंधन,चतुष्संयोजकता, श्रृंखलाबद्धता की क्षमता,अपररूपता

### उपयोग

ईंधन, बैटरी निर्माण,आटोमोबाइल

Anu priya

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## खेल पुरस्कार 2024

### खेल रत्न 2024

#### मेजर ध्यानचंद खेल रत्न 2024




#### द्रोणाचार्य अवॉर्ड 2024 (5 कोचों को)

| | |
|---|---|
| (1) श्री सुभाष राणा | पैरा - शूटिंग |
| (2) सुश्री दीपाली देशपांडे | शूटिंग |
| (3) श्री संदीप सांगवान | हॉकी |
| (4) श्री एस. मुरलीधरन | बैडमिंटन |
| (5) श्री अर्मांडो एग्नेलो कोलाको | फुटबॉल |


#### अर्जुन अवॉर्ड 2024 :- 34 खिलाड़ी


| | | |
|---|---|---|
| 1. | ज्योति याराजी | - (एथलेटिक्स) |
| 2. | अनु रानी | - (एथलेटिक्स) |
| 3. | नीतू | - (बॉक्सिंग) |
| 4. | स्वीटी | - (बॉक्सिंग) |
| 5. | वंतिका अग्रवाल | - (शतरंज) |
| 6. | सलीमा टेटे | - (हॉकी) |
| 7. | अभिषेक | - (हॉकी) |
| 8. | संजय | - (हॉकी) |
| 9. | जरमनप्रीत सिंह | - (हॉकी) |
| 10 | सुखजीत सिंह | - (हॉकी) |
| 11 | राकेश कुमार | - (पैरा-आर्चरी) |
| 12 | प्रीति पाल | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 13 | सचिन सरजेराव | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 14 | धर्मबीर | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 15 | प्रणव सूरमा | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 16. | एच होकातो सेमा | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 17 | सिमरन | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 18 | नवदीप | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 19 | थुलासिमाती मुरुगेसन | - (पैरा बैडमिंटन) |
| 20 | नित्या श्री सुमाथी सि- | - (पैरा बैडमिंटन) |
| 21 | मनीषा रामदास | - (पैरा बैडमिंटन) |
| 22 | कपिल परमार | - (पैरा जूडो) |
| 23 | मोना अग्रवाल | - (पैरा शूटिंग) |
| 24 | रुबीना फ्रांसिस | - (पैरा शूटिंग) |
| 25 | स्वप्निल सुरेश कुसाले | - (शूटिंग) |
| 26 | सरबजोत सिंह | - (शूटिंग) |
| 27 | अभय सिंह | - (स्क्वैश) |
| 28 | साजन प्रकाश | - (तैराकी) |
| 29 | अमन सहरावत | - (कुश्ती) |
| 30 | सुचा सिंह | - (एथलेटिक्स) |
| 31 | जीवांजी दीप्ति | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 32 | अजीत सिंह | - (पैरा एथलेटिक्स) |
| 33 | नीतेश कुमार | - (पैरा बैडमिंटन) |
| 34 | मुरलीकांत राजाराम पेटकर | - (पैरा स्विमिंग) |

#### राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार


#### मौ• अबुल कलाम आजाद-ट्रॉफी

- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता)
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता)
- अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता)


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शरत चंद्र चट्टोपाध्याय
जन्म-15 सितंबर 1876
मृत्यु -16 जनवरी 1938
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महादेव गोविंद रानाडे
जन्म- 18 जनवरी 1842
मृत्यु - 16 जनवरी 1901
/teachersofbihar
Madhu priya


START
UP
16 जनवरी
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिन्दी भाषा के पूर्व छायावादी युग के कवि
राम नरेश त्रिपाठी जी
की पुण्यतिथि पर नमन।
जन्म-4 मार्च 1889- मृत्यु-16 जनवरी 1962
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

16 जनवरी




# महादेव गोविंद रानाडे

की पुण्यतिथि पर सादर नमन

18 जनवरी 1842 - 16 जनवरी 1901

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari





# रामनरेश त्रिपाठी

की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन

4 मार्च 1889 - 16 जनवरी 1962

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari